www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ईमेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-263 सागवाड़ा,रविवार,12 जून, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## पीएम आवास योजना के 9 लाभार्थियो के पीएम आवास की किश्ते अन्य लोगो के खातो में ट्रांसफर दी

### बिछीवाडा पंचायत समिति की भेहणा पंचायत में हुआ खेल

**बिछीवाड़ा।** केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू करने की मंशा की पीछे गरीब परिवारों को पक्की चारदिवारी और खुद की छत नसीब करवाना था।लेकिन प्रदेश के आदिवासी बहुल डूंगरपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रहे भ्रष्टाचार ने इस योजना की नेक मंशा पर पानी फेर कर रख दिया है। ताजा मामला डूंगरपुर जिले की बिछीवाडा पंचायत समिति की भेहणा पंचायत का है। जहा पर सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी ने पीएम आवास योजना के 9 लाभार्थियो के पीएम आवास की किश्ते अन्य लोगो के खातो में ट्रांसफर दी है। पीड़ित लाभार्थियों ने सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित लाभार्थी गणेश खराड़ी ने बताया की उसका आवास उसके जॉब कार्ड नम्बर आरजे-272700501803 2582001/1445 पर 24 मई 2018 को स्वीकृत हुआ था। लेकिन सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी ने उनके जॉब कार्ड नम्बर पर किसी अन्य गाँव के व्यक्ति के खाते में उसके आवास की तीन किश्त कुल एक लाख 20 हजार रुपए ट्रांसफर की गई। इसी तरह मुकेश लालजी का आवास भी उसके जॉब कार्ड संख्या आरजे-27270050180325820 01/1358 पर स्वीकृत हुआ लेकिन उसकी राशी भी उसके जॉब कार्ड नम्बर पर किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रान्सफर कर उठा ली गई है। ऐसे कुल 9 लाभार्थी है जिनके जॉबकार्ड्स नम्बर पर अन्य लोगो के खातो में पीएम आवास की कुल 10 लाख 80 हजार की राशी ट्रांसफर कर उठाई गई है। पीड़ित लाभार्थियों को कहना है की जब उन्हें उनके साथ हुई धोखाधडी का पता लगा तो उन्होंने पंचायत में सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी से सम्पर्क किया। लेकिन पीडितो को न तो सरपंच ने और न ही ग्राम विकास अधिकारी उनकी समस्या का समाधान किया। वही पीडितो ने मामले की शिकायत पंचायत समिति बिछीवाडा के विकास अधिकारी से भी की लेकिन शिकायत के बाद भी अभी तक न तो मामले की जांच हुई और न ही उनकी राशि उन्हें मिली है। इधर अब पीडितो ने जिला परिषद सीईओ को मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। इधर पीडितो की और से मिली शिकायत पर जिला परिषद सीईओ ने जांच करवाने की बात कही है।

## मानगढ़ धाम पर 3 जुलाई को वाहन रैली एवं धर्म सभा होगी

### स्वतंत्रता के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में राजस्थान के वागड़ व गुजरात से 7500 वाहन रैली के रूप में पहुंच कर धर्मसभा में सम्मिलित होंगे



**सागवाड़ा।** स्वाधीनता के अमृत महोत्सव स्वराज-75 के अन्तर्गत भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के साक्षी मानगढ़ धाम पर आगामी 3 जुलाई को विशाल वाहन रैली एवं धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों को लेकर रविवार को मानगढ़ धाम स्थित सभागार में बांसवाड़ा, सागवाड़ा, डूंगरपुर, गुजरात के महिसागर, पंचमहाल, दाहोद, संतरामपुर, नड़ियाद आदि के आयोजन समिति के प्रमुख कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वनवासी कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराड़ी ने बताया कि मानगढ़ देश की स्वाधीनता संग्राम का साक्षी रहा है, पूज्य गोविन्द गुरु के मार्गदर्शन में आयोजित सभा पर आततायी फिरंगियों ने अंधाधुन गोलियों की बौछार कर लगभग 1500 से अधिक देशभक्तों की निर्मम हत्या कर दी। उन अनाम बलिदानियों को श्रद्धांजलि स्वरूप स्वतंत्रता के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में राजस्थान के वागड़ व गुजरात से 7500 वाहन रैली के रूप में पहुंच कर धर्मसभा में सम्मिलित होंगे। बैठक के प्रारम्भ में बांसवाड़ा के विभाग कार्यवाह अशोक सुथार ने आयोजन से संबंधित कार्य विभाजन किया। आयोजन के विभाग संयोजक नरेंद्र भगत व सह संयोजक विष्णु बुनकर ने अब तक की तैयारियों की जानकारी प्रदान की। नड़ियाद विभाग के विभाग सह कार्यवाह जयंती भाई पटेल ने गुजरात की तैयारियों की जानकारी प्रदान की।

बाँसवाड़ा, सागवाड़ा व डूंगरपुर से लगभग सभी गांवों से तीन जुलाई को वाहन रैली व धर्म सभा में आने वालों के पंजीयन एवं प्रवेश पत्र के साथ सूचना पत्रक निर्माण, जगह -जगह चौकी निर्माण, स्वागत, जलपान, पेयजल, भोजन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। विभाग प्रचारक बाँसवाड़ा ने बताया कि विशाल रैली में निम्न सावधानियां बताई- प्रत्येक दुपहिया वाहन पर केवल दो व्यक्ति ही बैठेंगे, चालक को हेलमेट अनिवार्य रहेगा, बिना प्रवेश पत्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा..साथ ही प्राथमिक चिकित्सा सामग्री के लिए बॉक्स, सूचनाएं प्रदान करने हेतु चौपहिया वाहन में ध्वनि विस्तार यन्त्र आदि आदि की सावचेतना रखने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम की तैयारी बैठक में संघ के प्रान्त, विभाग, जिले व खण्ड के दायित्ववान कार्यकर्ताओं के अलावा विविध संगठनों के विभाग एवं जिले स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सनातन संस्कृति संवर्धन के वरिष्ठ प्रचारक मनफूलसिंह एवं सभी जिलों के जिला संघचालक सहित 250 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के प्रचार प्रमुख ललित दवे ने प्रदान की।

## हॉस्पिटल में टपकने लगी छत, इमरजेंसी में भरा पानी, डॉक्टर, स्टाफ और मरीज परेशान

**डूंगरपुर।** मानसून की पहली बारिश ने सरकारी भवनों की भी पोल खोल दी है। डूंगरपुर जिला अस्पताल के इमरजेंसी में छत टपकने लगी तो कमरों में पानी भर गया। इससे हॉस्पिटल में डॉक्टर से लेकर स्टाफ और मरीज सभी परेशान हुए।

डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज से जुड़े जिला अस्पताल में कई जगह से छत और दिवारे जर्जरहाल हो चुकी है। बारिश होते ही इन छतो से अस्पताल के वार्ड, स्टाफ रूम में भी पानी टपकने लगा। यहा तक की मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की नई बिल्डिंग में भी पानी टपकाने लगा। इससे अस्पताल के कई वार्डो में पानी भर गया।

खासकर इमरजेंसी वार्ड के ऊपर नए कमरे बनाने का काम चल रहा है। यही से जगह जगह पानी इमरजेंसी वार्ड के स्टाफ रूम और वार्डो में झरने की तरह टपकने लगा। इससे अस्पताल के कमरों में पानी पानी हो गया। इमरजेंसी में इलाज कर रहे डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, मरीज और परिजन सभी को परेशानी का सामना करना पड़ा।

टपकते पानी से बचने के लिए डॉक्टर से लेकर मरीज तक इधर से उधर होते रहे। वही रातभर परेशानी में गुजारने के बाद सुबह कर्मचारियों के आने के बाद भरे हुए पानी की सफाई हो सकी और राहत मिली। अस्पताल के इमरजेंसी की तरह ही दूसरे सभी वार्डो के भी इसी तरह के हाल रहे।

## निर्यात को नई ऊंचाइयां देने के लिए तैयार है राजस्थान :राजसिको अध्यक्ष

**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने उपस्थित निर्यातकों को आश्वस्त किया कि राजस्थान राज्य निर्यात को बढ़ाने के लिए समस्त प्रकार से तैयार है एवं राज्य सरकार द्वारा राज्य से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए समुचित सुधारवादी कदम उठाए जा रहे हैं। अरोड़ा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 17 जुलाई 2019 से लागू किए गए राजस्थान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग अधिनियम के अंतर्गत नए उद्योगों को किसी भी राजकीय विभाग की स्वीकृति एवं निरीक्षण से 3 वर्षो की अवधि के लिए मुक्त रखा गया था। मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तुत बजट में इस अवधि को 3 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर कर दिया गया है। राजस्थान पूरे देश में इस प्रकार की व्यवस्था लागू करने वाला पहला राज्य है। अरोड़ा ने बताया कि 10 करोड़ या इससे अधिक निवेश वाले उद्योगों के लिए वन स्टॉप प्रणाली लागू की गई है।

### वकील का आत्मदाह, थानाधिकारी पहले से लाइन हाजिर

## भ्रष्टाचार का आरोपी SDM निलंबित



**सीकर।** राजस्थान के सीकर जिले के खंडेला कस्बे में वकील हंसराज के आत्मदाह मामले में राज्य सरकार ने आरोपी एसडीएम राकेश कुमार को निलंबित कर दिया है। शासन उप सचिव कैलाश चंद्र कुमावत ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसमें लिखा है कि एसडीएम राकेश कुमार के खिलाफ विभागीय जांच प्रस्तावित होने की वजह से राजस्थान सिविल सेवा नियम 1958 के नियम 13 के तहत तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाता है। आदेश में एसडीएम का मुख्यालय शासन प्रमुख सचिव कार्मिक विभाग जयपुर रखते हुए कलक्टर को भी निर्देश दिए हैं कि एसडीएम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के प्रस्ताव दस्तावेजों सहित भेजें। वकील आत्मदाह मामले में आरोपी थानेदार घासीराम मीणा को पहले ही लाइन हाजिर किया जा चुका है।

## बारिश से बदला मौसम, तूफानी हवाओ के साथ डेढ़ घंटे तक तेज बारिश

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में शनिवार आधी रात को मानसून ने दस्तक दे दी है। बीती रात को हुई बारिश के बाद रविवार शाम को भी मेघ बरसे। मानसून की पहली बारिश से किसान खुश हैं। करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश से कई जगहों पर खेत पानी से लबालब हो गए। वही बारिश के इंतजार में बैठे किसान भी खुश है। डूंगरपुर में शनिवार को दिनभर भीषण गर्मी का असर रहा। पारा 41 डिग्री तक पहुंच गया, लेकिन आधी रात को मौसम का मिजाज बदल गया। रात 1 बजे अचानक तेज हवाएं शुरू हो गई। आकाश में बिजली कड़कने लगी और तेज गर्जना होने लगी। इसके बाद पहले बूंदाबांदी और फिर तेज बारिश शुरु हो गई। हवाएं चलने ओर तेज बारिश से दिनभर की गर्मी से भी राहत मिली। वही बारिश से छतो के नालदो पर पानी गिरने लगा। सड़को पर भी पानी बहने लगा। करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश का दौर चलता रहा। भीषण गर्मी में सूखे खेत भी पानी से लबालब हो गए। इससे बारिश का इंतजार कर रहे किसान खुश है। डूंगरपुर शहर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बारिश हुई है। बारिश होते ही अब किसान खेतीबाड़ी में जुट जाएंगे। वही बारिश होते ही शहर से लेकर ग्रामीण इलाको में बिजली गुल हो गई। इससे लोग परेशान हो गए। हालाकि शहरी इलाकों में बारिश रुकते ही बिजली आ गई, लेकिन शहरी क्षेत्र में सुबह दिन खुलने तक भी बिजली चालू नहीं हुई, जिससे लोग करीब 7 घंटे से ज्यादा समय तक अंधेरे में रहे।



सीमलवाड़ा। बांसिया में एक मकान के घर आंगन में जमा बारिश का पानी। **फोटो- गुणवंत कलाल**

## रक्तदान जीवनदान के समान:जूली

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति जरूरतमंद को एक तरह से जीवनदान करता है। जूली ने रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह के 51वें जन्मदिन पर अलवर में मौजपुर हाउस में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में पहुंचकर समर्थकों के साथ केक काटकर शिविर का शुभारम्भ किया। उन्होंने रक्तदानकर्ताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की पहल अनुकरणीय है। रक्तदान महादान है जिससे कई जिन्दगियों को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने सिंह के द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया।

## एक बाईक ने दूसरी बाईक को मारी टक्कर, हादसे में एक बाईक सवार दो युवकों की मौत, तीसरा साथी हुआ घायल

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के झोथरी-सुराता मार्ग पर मडकोला पुलिया के पास एक बाइक ने दूसरी बाईक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार दो युवको की मौत हो गई जबकि उनका तीसरा साथी गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने मृतको को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वही गंभीर घायल युवक को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया है। थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की मांडेली उपली निवासी तीन दोस्त 22 वर्षीय विश्राम पिता नंदू खराड़ी, 18 वर्षीय पीटर पिता जीवा खराड़ी और 18 वर्षीय गौतम पिता लक्ष्मण खराड़ी बाइक पर सुराता से अपने गाँव लौट रहे थे । इस दौरान सुराता-झोथरी मार्ग पर मडकोला पुलिया के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाईक ने उनकी बाईक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक से उछलकर पीटर खराड़ी पुलिया से टकराया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । जबकि विश्राम खराड़ी उछलकर बिजली के पोल से टकराया और गौतम खराडी सड़क पर गिरा। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद दूसरा बाईक सवार मौके से फरार हो गया। इधर हादसे के बाद मौके पर लोग की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने मामले की सुचना चौरासी थाना पुलिस को दी। जिस पर हेड कांस्टेबल मदन सिंह अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वही इसके बाद पुलिस ने दोनों घायल गौतम व विश्राम को जिला अस्पताल पहुँचाया। जहा पर उपचार के दौरान विश्राम की भी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने दोनों मृतको के शवो को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वही घायल गौतम का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाकर उदयपुर रेफर किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने किया वेलनेस सेन्टर का शिलान्यास



**राजसमंद।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज राजसमन्द जिले की खमनोर पंचायत समिति के बिल्ली की भागल गावं में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का शिलान्यास किया। इस दौरान उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी व सहकारिता एवं जिला प्रभारी मंत्री उदयलाल आंजना भी मौजूद थे। राज्य सरकार द्वारा मेडिटूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए इस नीति के तहत राजसमन्द जिले का पहला योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पर आधारित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बनाया जा रहा है। जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सेंटर के लिए, 52 बीघा भूमि आंवटित की गयी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज जयपुर से रवाना होकर 4 बजकर 33 मिनिट पर बिल्ली की भागल में बनाए हेलीपेड पर पहुचे यहां से वो कार्यक्रम के स्थल के पास हल्थ एड वेलनेस सेन्टर का शिलान्यास किया। बाद में वे वहा से सीधे सभास्थल पर पहुंचे जहां उन्होने आमसभा को सम्बोधन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस वेलनेस सेन्टर राजसमन्द ही नहीं बल्कि पूरे देश और दुनिया में आदर्श साबित होगा। इससे ने केवल यहां के स्थानीय लोगों को लाभ होगा। बल्कि इससे यहां आने वाले पर्यटकों को लाभ मिलेगा। डॉ सीपी जोशी ने कहा कि यदि हमारे क्षेत्र के लोग स्वस्थ होंगे तो यह हमारी तरक्की होगी। इस दौरान जिला प्रभारी मंत्री उदयलाल आंजना ने भी सम्बोधित किया।

## भगवान परशुराम तीर्थ स्थान विकास में तन मन धन से सहयोग की बात हुई

### विप्र फाउंडेशन जिला सागवाड़ा की बैठक हुई

**सागवाड़ा।** अरुणाचल प्रदेश में स्थित आदि तीर्थ भगवान परशुराम कुंड पर प्रतिमा स्थापना को लेकर विप्र फाउंडेशन जिला सागवाड़ा की बैठक हुई। मुख्य अतिथि आदि तीर्थ भगवान परशुराम कुंड प्रतिमा स्थापना समिति के राष्ट्रीय संयोजक और मावली विधायक धर्मनारायण जोशीथे। विशिष्ट अतिथि सागवाड़ा नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा थे। अध्यक्षता विफा जिलाध्यक्ष प्रकाश व्यास ने की। स्वागत उद्बोधन देते हुए जिलाध्यक्ष व्यास ने गत 1 मई को रक्तदान शिविर और 3 मई को अक्षय तृतीया पर विशाल शोभायात्रा समेत विप्र फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक को संरक्षक तेज प्रकाश जोशी, देवीलाल फलोत, कन्हैयालाल व्यास ने सम्बोधित किया।

बैठक के मुख्य उद्देश्य अरुणांचल प्रदेश स्थित परशुराम कुंड पर 11 करोड़ की लागत से भव्य पंच धातु की 51 फिट ऊंची प्रतिमा स्थापित करने, अतिथि गृह गो शाला और उद्यान निर्माण समेत विभिन्न विकास कार्यों के लिए 12 जून से 26 जून तक सम्पूर्ण भारत वर्ष में निधि समर्पण न्योछावर राशि न्यूनतम प्रति परिवार 100 रुपया व अधिकतम एक लाख रुपया एकत्रित करने सहित विप्र फाउंडेशन के उद्देश्य और कार्यो के बारे में मुख्य अतिथि दीक्षित ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने भगवान परशुरामजी के इतिहास, आख्यान और ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी दी। साथ ही कहा कि राजनीति से संगठन को अक्षिता रखना है जो जिस राजनीतिक पार्टी में है उसे सहयोग करें और उसे पावर सेंटर बनाकर ब्राह्मण समाज विप्र समाज को आगे बढ़ाएं उन्होंने कहा कि ब्राह्मण कभी जातिवादी नहीं है वह हमेशा से सब जातियों को साथ में लेकर चला है और चलेगा। विशिष्ट अतिथि हरीश सोमपुरा ने भगवान परशुराम तीर्थ स्थान विकास में तन मन धन से सहयोग कर विप्र एकता को मजबूत करने की बात कही। बैठक में अखिलेश पंडया टामटिया को विप्र जिला मीडिया प्रकोष्ठ का जिला संयोजक और दीपक चौबीसा सुराजगांव को जिला प्रवक्ता मनोनीत होने पर सम्मानित किया। संचालन प्रदीप गामोठ ने किया और आभार दिनेश शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर किशोर भट्ट, डॉ सुभाष भट्ट, विमलकांत भट्ट, डॉ विमलेश पंडया, पार्षद प्रदीप जोशी, दिनेश शर्मा, हर्षद ठाकोर, चिराग मेहता, यतिन भट्ट, ओमप्रकाश पुरोहित , ललित पूजोत, जगदीश जोशी, एडवोकेट चंद्रशेखर शुक्ला, विनय शुक्ला, मुकेश पंडया, दिलीप जोशी, जयश्री पाठक, अनिता पंडया, सुनील पंडया, अरविंद कतीसोर, श्याम भट्ट, अशोक पाठक, नरेश चौबीसा, महेश चौबीसा, दीपक चौबीसा, मनोज चौबीसा, बालकृष्ण शर्मा, अमरीश त्यागी, हर्ष पंड्या, नमन पंड्या, मौजूद रहे।

